## सार-समाचार

### युवा मोर्चा की तिरंगा यात्रा आज



**बांसवाड़ा,** (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भाजयुमो द्वारा शहीदी मानगढ धाम से निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर भााजपा के वरिष्ठ नेता हकरु मईडा ने युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपसिंह वसुनिया व जिला उपाध्यक्ष अभिजीत जैन के साथ महाराणा प्रताप सेतु स्थित माही माता मंदिर में तैयारी बैठक ली। मईडा ने बताया कि प्रधानमंत्री के आ ान पर देश में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जनता में उत्साह है। युवा मोर्चा देश में तिरंगा यात्रा निकाल रहा है। भाजयुमो शहीदी मानगढ धाम से तिरंगा यात्रा निकालेगा जो विभिन्न क्षेत्रों में होते हुए शाम को माही माता गेमन पुल पहुंचेगी। मईडा ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा के लिए स्वागत स्थल बनाये गये हैं। इस अवसर पर उपसरपंच धनपाल खराडी, छोटी सरवन मंडल अध्यक्ष अर्जुन मईडा आदि ने भी अपने सुझाव दिये। बाईक सवारों की तिरंगा यात्रा प्रात: 9 बजे शहीदी मानगढ धाम से रवाना होगी। सांसद कनकमल कटारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे। यह यात्रा गांगडतलाई, सल्लोपाट, भीलकुआ, कलिंजरा, बडोदिया, बोरवट होते हुए त्रिपुरा सुंदरी मंदिर पहुंचेगी जहां विश्राम एवं भोजन के पश्चात् यात्रा तलवाडा, घलकिया, चिडियावासा, सुंदनी, भीमपुर, गनोडा, घाटोल, पडोली, सेनावासा, बांसवाडा, पाडला होते हुए माही माता मंदिर पहुंचेगी जहां महाप्रसादी होगी।

### गुरूकुल में मनाया संस्कृत दिवस

**डूंगरपुर,** (निसं)। स्थानीय विद्यालय गुरूकुल सेन्ट्रल एकेडमी में संस्कृत दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों ने संस्कृत दिवस पर श्लोक एवं मंत्रों का उच्चारण करके मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संस्कृत में सामुहिक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था प्रधान संध्या पंण्ड्या द्वारा माँ सरस्वती को दिप प्रज्जवलित एवं माल्यापर्ण कर की। विद्यार्थियों ने ईशवंदना की। इस अवसर पर संस्था निदेशक सतीश जोशी ने कहां की संस्कृत सभी भाषाओं की जननी हैं और यह भाषा अन्य भाषाओं से मधुर तथा दिव्य भाषा हैं। यदि कोई भी विद्यार्थी इस भाषा का ज्ञान प्राप्त कर लेता हैं तो अन्य भाषाओं को सिखना आसान हो जाता है, लेकिन वर्तमान समय में इस भाषा को एक संस्कृत विषय के रूप में मान लिया गया हैं जो गलत हैं। उन्होने विद्यार्थियों को कहां कि इस भाषा का जितना विस्तार और प्रसार किया जाए वह हमारे भारत वर्ष के लिए बेहतर होगा। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षक जय चैबीसा, मिलन शाह एवं प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छवि त्रिवेदी एवं शुभम कंसारा ने किया।

### सड़क हादसे में युवती की मौत

**बांसवाड़ा,** (निसं)। रक्षाबंधन पर्व पर अपने भाई को राखी बांधकर लौटते वक्त सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गयी। जेथलिया थाना पीपलखूंट निवासी संगीता अपने पति रामलाल और बेटे के साथ गुरुवार को मोटाटांडा स्थित पीहर आयी थी। त्यौहार मनाकर वह वापस अपने पति के साथ ससुराल लौट रही थी कि खमेरा व नरवाली के बीच पीछे से आती कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। जिससे संगीता को गहरी चोटे आयी जबकि उसका पति रामलाल एवं दस वर्षीय पुत्र उछलकर दूर जा गिरे। घायलों को जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी चिकित्सालय में लाया गया जहां चिकित्सकों ने संगीता को मृत घोषित किया। पति और बेटे को मामूली चोटें आयी है।

### तिरंगा रैली निकाली

**भीम,** (निसं)। आजादी के गर्व का महापर्व अमृत महोत्सव का आयोजन अजीतगढ़ ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सरपंच सोहनी देवी के मुख्य आतिथ्य एवं पीईईओ जयवीर सिंह यादव पुर्व सरपंच अमर सिह रावत एसएमसी अध्यक्ष घीसूलाल डाकल प्राध्यापक पुखराज चोरोटिया शिक्षाविद कानाराम रैगर आदि अतिथियों की मौजूदगी में आयोजित हुआ । जिसमें देशभक्ति गीत गायन एवं राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान गाया गया । शुक्रवार प्रात: ग्राम पंचायत मुख्यालय पर छात्र छात्राओं ने गाजे बाजे के साथ तिरंगा रैली निकाली जो मुख्य ग्राम सहित इमली का बाड़िया पेला बाड़िया पदमावतों का बाड़िया पतड़ा चौराहा आदि मुख्य मार्गो से गुजरी तथा भारत माता की जय व वन्दे मातरम के नारे लगाते हुए घर घर तिरंगा फहराने हेतु जागरूकता संदेश प्रसारित किया। रैली को पीईईओ जयवीर सिंह यादव ने संबोधित किया एवं हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया । इस अवसर पर मांगूगिरी गोस्वामी सुगनाबाला सराजखान शिव सिंह खीम सिंह चौहान मुकेश सिंघानिया सुरेशच्रद रैगर राजेन्द्र सिह यादव विकास पडियार नवरतनमल प्रकाश चंद नरेश आहुजा आदि मौजूद थे।

### राम रसोड़ा का शुभारंभ

**राजसमंद,** (निसं)।। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही ग्राम पंचायत स्थित रामदेव मंदिर के पास समाजसेवी रोशनलाल टांक की मौजूदगी में रामदेवरा जाने वाले जातरूओं के लिए राम रसोडे का शुभारंभ किया गया। राम रसोडे में ग्रामीणों द्वारा जातरूओं के ठहरने, भोजन, अल्पाहार आदि की व्यवस्था की जाएगी। गांव के जगदीशचंद्र ने बताया कि प्रात: 9 बजे यज्ञ हवन अनुष्ठान कर बाबा रामदेव प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान उपसरपंच दिग्विजयसिंह भाटी, पूर्व उपसरपंच यादवेंद्रसिंह भाटी, समाजसेवी रोशनलाल टांक, गोपाल टांक, प्रकाश पहाडिया, मंडल अध्यक्ष भगवान सालवी, पीपली गोमा सालवी, जगदीश, फता प्रजापत, भाना प्रजापत, राजीव, लोचन आचार्य, मदन प्रजापत, बाबूलाल प्रजापत, रूपलाल माली, मुकेश, शंकरलाल सालवी, पुजारी मांगीलाल आदि उपस्थित थे।

# 'आजादी की लड़ाई में मेवाड़ के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता'

**उदयपुर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी शहर जिला उदयपुर एवं नगर निगम उदयपुर के सौजन्य से केंद्रीय केंद्र सरकार के निर्देशानुसार देशभर में 400 से अधिक स्थानों पर आजादी की लडाई में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार जनों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ ।

उसी श्रृंखला में उदयपुर में नगर निगम परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य अतिथि में एवं नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के मुख्य सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें अनेकों स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के परिवार जनों का सम्मान एवं अभिनंदन किया। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि मेवाड़ ने स्वतत्रंता संग्राम में भारत देश को ही नहीं बल्कि समूचे विश्व को एक नई दिशा दी है। शेखावत ने बिजौलिया आंदोलन को याद करते हुए कहा कि हम उन्हें श्रद्धाजंलि दे। बिजौलिया क्रांति के जनक माणिक्यलाल वर्मा के जीवन को युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए शेखावत ने कहा कि युवा पीढी को माणिक्यलाल वर्मा के जीवन, व्यक्तित्व व कृतित्व से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के 75 लाख का कालखण्ड बहुत बडा और मजबूत है और इतिहास गवाह है, आजादी की लड़ाई में मेवाड़ के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। शेखावत ने इस अवसर पर नाम-अनाम शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए स्वाधीनता आंदोलन में शामिल रहे सेनानियों और उनके परिवारों का सम्मान करने की जरूरत बताई। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री दूध तलाई स्थित माणिक्यलाल वर्मा गार्डन पहुंच उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा शहीद रतन सिंह मीणा की पत्नी पुष्पा मीणा श्याम सुंदर जेठी के पुत्र जमनालाल जेठी, शहीद अभिनव नागोरी की माता सुशीला नागौरी एवं पिता धर्मचंद नागौरी मंचासीन थे।



उदयपुर में शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार जनों का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

प्रारंभ में शहर जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली ने सभी नागरिक बंधुओं स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के परिवार जनों सेना से रिटायर्ड अधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की एवं अमृत महोत्सव के अवसर पर शहर जिला उदयपुर द्वारा की गई सभी तैयारियों की संक्षिप्त में जानकारी प्रदान की।

गुलाबचंद कटारिया ने सभी शहीदों के एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहां की आज हमारे मंच पर सुशीला धर्मचंद जी नागोरी जो शहीद लेफ्टिनेंट अभिनव नागोर के माता पिता एवं आदिवासी अमर शहीद रतन सिंह की पत्नी पुष्पा मीणा का होना हम सबके लिए स्वाभिमान की बात है। कटारिया ने कहा कि लाखों लाखों लोगों ने देश की आजादी में अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया हंसते हंसते इस देश की आजादी के हवन में अपने प्राणों का होम कर दिया उन लोगों ने तो देश को बहुत कुछ दिया है अब हमारी बारी है हम भी देश के प्रति अपने कर्तव्य को अपने दायित्वों को जाने एवं देश के लिए कुछ देना सीखे। ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

# लेकसिटी में मूसलाधार बारिश, गोवर्धन सागर बांध छलका

**उदयपुर,** (कासं)। लेकसिटी में सुबह से खुशनुमा मौसम के बीच दोपहर में खण्ड वर्षा के रूप में बारिश का दौर शुरू हुआ जो कई जगहों पर मूसलाधार बारिश के रूप में बरसा। शाम होते-होते यह मूसलाधार बारिश पूरे शहर को भिगोने लगी और रात 8 बजे तक बारिश का दौर जारी है।

इधर, पीछोला झील का जलस्तर बढकर दस फीट हो गया है। पूर्ण भराव क्षमता 11 फीट से अब यह केवल एक फीट खाली है।

संभवत: पीछोला के शनिवार को छलकने के साथ ही स्वरूपसागर पर चादर चल सकती है। लेकसिटी में शुक्रवार को बारिश की झड़ी लग गई। दोपहर 1.30 बजे शहर के कई हिस्सों में तेज मूसलाधार तो कई जगहों पर मध्यम क्रम की बारिश हुई जो करीब पौन घंटा चली। मूसलाधार बारिश का यह दौर रात 8 बजे भी जारी रहा। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता (गिर्वा) निर्मल मेघवाल ने बताया कि पीछोला में सीसारमा नदी से अच्छी आवक हो रही है जिसे देखते हुए आज लिंक नहर के गेट बंद कर दिए गए है।

वहीं 11 फीट क्षमता वाली पीछोला झील के शनिवार को लबालब होने के बाद स्वरूपसागर पर संभवत: चादर चल सकती है। आयड़ नदी में भी आज पानी का प्रवाह देखा गया। 24 फीट क्षमता वाली उदयसागर झील भी 22 फीट भर गई है। यह अब दो फीट खाली है। वहीं 9 फीट क्षमता वाला गोवर्धन सागर बांध भी आज छलक गया।

# भिक्षु नगर केलवा तेयुप की नव कार्यकारिणी ने ली शपथ

**राजसमंद,** (निसं)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशानुसार भिक्षु नगर केलवा तेयुप के सत्र 2०22-23 के नवीन कार्यरिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें साध्वी पावन प्रभा ठाणा 4 के सान्निध्य में मुख्य अतिथि पंदमचंद पटावरी ने नव निर्वाचित अध्यक्ष विकास बोहरा सहित कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई।

गठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष निखिल कोठारी, अजित नाहर, मंत्री अर्चित बोहरा, सहमंत्री मनीष गांग, मयूर कोठारी, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कोठारी, संगठन मंत्री खुशाल बोहरा, प्रचार-प्रसार मंत्री भावेश मेहता, किशोर मंडल संयोजक यश मेहता, सह संयोजक हर्ष कोठारी को मनोनित किया गया। अध्यक्ष विकास बोहरा ने बताया कि संगठन अभातेयुप द्वारा निर्देशित सेवाएं संस्कार और संगठन के कार्यो को पूर्ण समर्पण से करने के लिए दृढ संकल्पित है। तेयुप भिक्षु नगर केलवा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स, इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स इत्यादि में अपना नाम दर्ज करवाने वाली अभातेयुप की शाखा परिषद है। वहीं स्थानीय स्तर पर रक्तदान के क्षेत्र सहित लोगों का मरणोपरांत नेत्रदान करवाने का प्रयास में अग्रणी है। इस मौके पर साध्वी पवनप्रभा ने युवाओं को नशामुक्त रहने की प्रेरणा देते हुए सामायिक साधक, तपोयज्ञ, जैन संस्कार विधि आदि विविध आयाम से संगठन के सदस्यों के आध्यात्मिक विकास का प्रयास करने के लिए कहा। अध्यक्ष बोहरा ने बताया कि वक्तव्य और व्यक्तित्व शैली के विकास के लिए इस वर्ष कॉन्फिडेंस पब्लिक स्पीकिंग कोर्स आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि पदमचंद पटावरी ने युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि यदि किसी संगठन को मजबूत करना है, तो उसकी बागडोर युवाओं के हाथों में होनी चाहिए।




राजसमंद में भिक्षु नगर केलवा तेयुप के कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

## सार-समाचार

### देशभक्ति के तराने गूंजे

**देवगढ़,** (निसं)। नगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। देशभक्ति गीतों के गायन की शृंखला वन्देमातरं गान से शुरू हुई जिसमें सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा, हम होंगे कामयाब एक दिन, झंडा ऊंचा रहे हमारा सहित देशभक्ति के गीतों का एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड मजिस्ट्रेट मुकुंद सिंह शेखावत ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश की भावी पीढ़ी हमारे देशभक्त क्रांतिकारियों को याद करे व आने वाले पच्चीस वर्ष जो कि अमृत काल के रूप में मनाए जाने हैं इसमें हम देश को शिखर तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा ने सभी अतिथियों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अद्भुत कार्यक्रम गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल होगा यह हमारे देश व प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शोभालाल रेगर, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान, पार्षद नारायण सिंह सोलंकी, राजेन्द्र कंसारा, हंसराज कंसारा, तोलाराम खटीक सहित प्रकाशचंद्र नराणियाँ, प्रधानाचार्य दीपक भारद्वाज, मनोज कुमार वर्मा, कैलाश सिंह चौहान, आर पी कान सिंह, तोलाराम खटीक सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### तिरंगा यात्रा आज

**डूंगरपुर,** (निसं)। स्थानीय भाविप मुख्य शाखा द्वारा 13 अगस्त प्रात:10०.30० बजे कलेक्टर कार्यालय से आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। यात्रा में वन्देमातरम शाखा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच, वरदान स्कूल के स्केटिंग के विद्यार्थी आदि भी भाग लेंगे। यात्रा को हरी झंडी दिखा कर जिला कलेक्टर इंद्रजीत यादव, पूर्व सभापति के.के.गुप्ता तथा सभापति अमृत कलासुआ रवाना करेंगे। यात्रा उदयपुर रोड स्थित हॉस्पीटल तिराहा, नए हॉस्पीटल के पास पटेल सर्कल होते हुए अटल बिहारी सामुदायिक भवन के सामने से शिवाजी नगर होकर शहीद पार्क से होते हुए पुन:जोधपुर बेकरी के सामने से गुजर कर दशहरा मैदान के सामने से वापस कलेक्टर कार्यालय पर समाप्त होगी।रैली में सभी यह ध्यान रखेंगे कि स?क का यातायात बाधित न हो। रैली सडक के बायीं ओर चलेगी। वाहन स्वामी वाहन पर तिरंगा ध्वज लगाएंगे। ऐसा कोई कारण न बने जिससे राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कमी आये।रैली के नैतृत्त्व में रीजनल सेक्रेटी गिरीश पानेरी, प्रांतीय संगठन मंत्री दिनेश श्रीमाल, शाखा अध्यक्ष हीरालाल पटेल,सचिव जितेंद्र सिंह पीठ, कोषाध्यक्ष कपिल भट्ट, वन्देमातरम के अध्यक्ष ललित शुक्ला, सचिव पुष्कर चौबीसा, कोषाध्यक्ष कांतिलाल जोधावत एवं अन्य दायित्वधारी आदिकरेंगे।

### कार सवार पर किया हमला

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले भर मे लगातार अपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद होते जा रहे है और रोजाना हो रही वारदातों के बावजूद पुलिस प्रशासन इन अपराधिक तत्वों पर रोक लगाने में लगातार विफल होता जा रहा है। आलम तो यह है कि आम जन को यह एहसास होने लग गया है कि थाने में तैनात पुलिस कर्मी अपराधों पर रोक लगाना हीं नहीं चाहते है। जिसके चलते अब कई घटनाओं की जानकारी तो आम जन पुलिस से साझा भी नहीं कर रही है। जो कि पुलिस की विफलता को दर्शा रहा है। इसी क्रम में दोवडा थाना क्षेत्र में वस्सी खेडा रोड पर बदमाशों ने एक कार पर हमला कर दिया। बदमाशों ने कार चालक से मारपीट की वहीं लोगों को आता देख बदमाश मौके से फरार हो गए। दोवडा थाना क्षेत्र के गरडा निवासी कमलेंद्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह गुरुवार देर रात कार लेकर अपने घर से डूंगरपुर जा रहा था। मालाजी मंदिर से आगे निकलते ही सुनसान जगह पर करीब 10०बदमाश हथियार लेकर सडक पर खडे थे। कार के आते ही बदमाशों ने कार पर हमला कर दिया। बदमाशों ने कार का दरवाजा खोलकर कमलेंद्रसिंह को बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन कमलेंद्रसिंह बदमाशों से बचने के लिए कार को रिवर्स में ले लिया। करीब 300०मीटर तक रिवर्स जाकर कार सडक किनारे गड्ढे में पलट गई। जिसके बाद बदमाशों ने कमलेंद्रसिंह के साथ मारपीट की। दूसरे वाहनों के आने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। वहीं कमलेंद्रसिंह के पीछे ही उसके पिता राजेंद्रसिंह भी दूसरी गाडी लेकर आ रहे थे। घटना की सूचना पर दोवडा थाने से गजराजसिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं सुनसान सडकों पर बदमाशों की मारपीट, लूटपाट की बढती घटनाओं से लोगों में आक्रोश है।

### बुजुर्ग महिला ने की आत्महत्या

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र के गोरादा फला नई बस्ती में एक बुजुर्ग महिला ने अपने घर में फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। सुसाइड के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। चौरासी थानाधिकारी ने बताया की थाना क्षेत्र के गोरादा फला नई बस्ती निवासी नवलराम पुत्र अशोक अहारी ने रिपोर्ट दी है। नवलराम ने बताया कि उसकी पत्नी राखी के कारण पीहर गई हुई थी। वह खेत में था, इस दौरान उसके बच्चों ने खेत पर आकर सूचना दी कि उनकी दादी घर में फंदे से लटकी हुई है। नवलराम दौडकर अपने घर पहुंचा और मामले की सूचना आसपास के लोगों और चौरासी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर चौरासी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने मृतक महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग महिला के पति की भी दो महीने पहले मौत हुई है। पुलिस ने फि लहाल बेटे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### पुलिया में जीप गिरी

**बांसवाड़ा,** (निसं)। बांसवाडा-उदयपुर मार्ग पर चिडियावासा पुलिया में एक जीप जा गिरी गनीमत रही कि लोगों ने चालक को बचा लिया। बताया जाता है कि जीप चालक ने बाईक सवार तीन जनों को चपेट में ले लिया था जिस पर लोग बाईक से जीप का पीछा कर रहे थे। बचने के लिए चालक ने गाडी तेज रफ्तार से दौडाई जो चिडियावासा पुलिया की रैलिंग तोडते हुए नदी में जा गिरी। यह जीप पिल्लरों में अटक गयी जबकि चालक को लोगों ने रस्सी की मदद से बाहर निकाला।

# शिक्षा के माध्यम से ही जीवन व राष्ट्र उत्थान संभव : चौहान

**राजसमंद,** (निसं)। ज्योति कोठारी चैरिटी संस्था की ओर से डिप्टीखेडा ग्राम में गोद लिए गए विद्यालय में पूर्व प्रधान गुणसागर कर्णावट की अध्यक्षता में शुक्रवार को चैरिटी समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला परिषद एसीईओ भुवनेश्वरसिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि डॉ. महेन्द्र कर्णावट, ज्योति कोठारी, दिलीप कोठारी, राजकुमार दक, रामसहाय विजयवर्गीय, सरपंच तुलसीराम बागोरा, पूर्व सरपंच शंकरलाल गुर्जर, पंचायत शिक्षा अधिकारी राकेश मेनारिया उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रीया में रह रही ज्योति कोठारी विगत 17 वर्षों से चैरिटी का आयोजन कर विद्यालय को शिक्षा संसाधन उपलब्ध करवा रही हैं। संस्था द्वारा यह 2०वां विद्यालय गोद लिया है। अतिथियों द्वारा 154 बच्चों को बेग, जूते, मोजे, पेंन, पेंसिल, रबर, अभ्यास पुस्तिका, चद्दर और विद्यालय को स्टील फर्नीचर, अलमारी, दरी, जाजम, खेल सामग्री, कम्प्यूटर आदि भेंट किए गए। साथ ही 16 विद्यार्थी को छात्रवृत्ति प्रदान की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला परिषद एसीईओ भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से जीवन और राष्ट्र उत्थान संभव है। गुणसागर कर्नावट ने सभी लोगों को नशामुक्ति और शिक्षा का आव्हान किया। शिक्षा अधिकारी राकेश मेनारिया ने कहा कि कोठारी ने शिक्षा सेवा की उत्कृष्ट मिशाल कायम की है जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। ज्योति कोठारी, दिलीप कोठारी दम्पति ने शिक्षा सेवा का संकल्प दौहराते हुए सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढाई करने के लिए कहा।



राजसमंद के डिप्टी खेडा विद्यालय में आयोजित चैरिटी समारोह में विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री बांटी।

## क्षतिग्रस्त मदार नहर का किया निरीक्षण

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के नीचमखेड़ा पुलिया के समीप क्षतिग्रस्त हुई मदार नहर की दीवार व धंसे हिस्से का शुक्रवार सुबह जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने निरीक्षण किया एवं इसके रखरखाव व उचित मरम्मत के निर्देश दिए।

शहर की फतहसागर झील को भरने वाली मदार नहर का बुधवार व गुरूवार को दो दिन नीमचखेड़ा पुलिया के समीप दीवार का हिस्सा ढह गया था। क्षेत्रवासियों द्वारा हिस्से की मरम्मत व मदार नहर के रखरखाव के लिए जिला प्रशासन से मांग की जा रही थी। इसी को लेकर शुक्रवार सुबह जिला कलक्टर ताराचंद मीणा मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त नहर का जायजा लिया और बारिश रूकने के साथ ही क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत व नहर के उचित रखरखाव के निर्देश दिए। इस दौरान सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता (गिर्वा) निर्मल मेघवाल भी मौजूद रहे। मेघवाल ने बताया कि बारिश के कारण क्षतिग्रस्त नहर के हिस्से की मरम्मत का काम नहीं हो पा रहा है। बारिश रूकने के साथ ही इसकी मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाएगा।

# ऑनलाइन क्विज आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ द्वारा के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत का स्वतंत्रता संग्राम विषय पर हिन्दी भाषा में ऑनलाइन क्विज आयोजित की गई।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि अपनी मातृभाषा में आजादी के इतिहास की जानकारी आज के युवा के लिए एक बड़ी आवश्यकता है। आज से 75 सालों पूर्व 1947 में भारत में आम आदमी की सालाना कमाई 274 रुपये थी, पूरे देश में सिर्फ 3 लाख गाडिया थीं। कुल मिलाकर शिक्षा और अर्थव्यवस्था बदहाल थी। इसका कारण हमारी गुलामी थी, जिस समय हमें अपने ही देश में नौकरी नहीं मिलती थी, हम बडे व्यवसायी नहीं बन सकते थे, खुल कर जी नहीं सकते थे। इनके अतिरिक्त भी अंग्रेजों ने कई बंधन लगा रखे थे, जिनका अनुभव भी आज हमें नहीं होता। आजादी का अमृत महोत्सव वह समय है जब हमें उन स्वतंत्रता सैनानियों के प्रति न केवल अपनी कृतज्ञता दर्शानी है बल्कि स्वतंत्रता का महत्व भी समझना है। यह ऑनलाइन क्विज इसी दिशा में एक कार्य है। इस तरह के कार्य न केवल भावनात्मक बल्कि संज्ञानात्मक विकास में भूमिका का निर्वहन करते हुए अंतत: देश के मूल्य आधारित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले नागरिकों को तैयार करने में सहायक होते हैं। इस क्विजप के समन्वयक डॉ. चंद्रेश कुमार छ्तलानी ने बताया कि इसमें सम्पूर्ण देश से 1424 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 905 ने 75 प्रतिशत व अधिक अंक लाकर विशेष योग्यता प्राप्त की है तथा 80 प्रतिभागियों 100 प्रतिशत अंक हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी में भारत के स्वतंत्रता सैनानियों तथा स्वतंत्रता संग्रामों के स्थल, उनके कारण, कार्यो व परिणामों के साथ अंग्रेजों के अन्यायों के विरुद्ध किए गए एतिहासिक कार्यो को सम्मिलित किया गया। ज्ञातव्य हो कि आजादी के अमृत महोत्सव के उचित क्रियान्वयन हेतु विद्यापीठ ने कई अन्य योजनाएं भी बना रखी हैं, जिन्हें समय-समय पर आयोजित किया जाएगा। क्विज में सफल प्रतिभगियों को ई-प्रमाणपत्र वितरण की तैयारी प्रारम्भ कर ली गई है।



उदयपुर में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने ऑनलाइन क्विज प्रारम्भ किया।